राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक-2022 का राज्यस्तरीय शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

29 अगस्त, 2022 को राष्ट्रीय खेल दिवस पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान में खेलों के महाकुंभ के रूप में पहली बार आयोजित राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक-2022 का राज्यस्तरीय शुभारंभ जोधपुर की लूणी पंचायत समिति के गाँव पाल से किया।

प्रमुख बिंदु

- राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक-2022 के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य में खेलों के विकास व खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिये ग्रामीण क्षेत्रों की तर्ज़ पर शहरी क्षेत्रों में नगर निकायों की सहभागिता तय करते हुए शहरी ओलंपिक खेलों के आयोजन की महत्त्वाकांक्षी घोषणा की।
- इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीण ओलंपिक खेलों को हर वर्ष आयोजित करने की भी घोषणा की, ताकि ग्रामीण अंचल में खेलों के प्रति रुचि बनी रहे एवं अभ्यास का दौर निरंतर चलता रहे।
- उन्होंने कहा कि इन खेलों में प्रदेश की कुल 11 हज़ार 285 ग्राम पंचायतों में एक साथ लगभग 29 लाख 80 हज़ार खिलाड़ियों ने छह खेलों के लिये पंजीकरण कराया है। इनकी 2 लाख 21 हज़ार 55 टीमें बनी हैं, जिनमें 20 लाख 37 हज़ार पुरुष तथा 10 लाख महिला खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें बच्चों से लेकर बुज़ुर्ग तक शामिल हैं।
- राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक-2022 में इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों की भागीदारी के लिये बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स लंदन में दर्ज होने पर इसका प्रोविजनल सर्टिफिकेट मुख्यमंत्री को प्रदान किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajiv-gandhi-rural-olympic-2022-inaugurated-at-state-level